ble to fix the cost of land for different land uses in such a way that the project becomes viable. It has also helped to take steps to improve the information system for Housing and modular approach is being adopted for complete automation in housing. Steps are also; being taken to study the existing procedures and forms adopted for various functions and divise modified procedure and forms suited for complete automation

From Feb., 1992 onwards, 97 internal courses for various professional groups and various categories of officers lofficials were organised. 61 external courses were also arranged to impart latest knowledge, information and technology. This has added to efficiency leading to overall economy in DDA.

A system of inspection & evaluation of various branches of DDA was intro duced for the first time leading to award of a trophy for the best managed branch in 1991-92.

(b) Yes, Sir. The results of draw for allotment of houses are now processed much more quickly. More than 15000 applications for conversion from leasehold to free hold have also been computerised. Software for housing management system has also been attempted.

दिल्ली में ओवरहैड पानी की टैंक की सफाई

3458. **श्री एस० एस० अहलुवालिया :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में कई सरकारी कालोनियों में रहने वाले लोगों को पेय जल की आपूर्ति हेतु सरकारी क्वार्टरों के प्रत्येक ब्लाक में एक ओवरहैड पानी की टैंकी की व्यवस्था की गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ऐसे सभी टंकियों में गाद जमा हो जाने तथा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा पानी की इन टंकियों की नित्य सफाई न किए जाने के कारण उनमें से लगभग सभी टंकियों से संदूषित जल की आपूर्ति की जा रही है जिससे वहां के निवासियों को कई जलवाहित बीमारियां हो रही हैं ;

(घ) यदि हां, तो राजधानी की सरकारी कालोनियों में प्रत्येक ब्लाक की ओवरहैड टंकियों की नित्य सफाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि बाबा खड़गसिंह मार्ग स्थित सरकारी कालोनी में ऐसी ओवरहैड पानी की टंकियों की गत कई वर्षों से सफाई नहीं की गई है; और

(च) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में क्या उपचारी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री पी०के० थुंगन) : (क) और (ख) दो मंजिले सरकारी क्वार्टरों में पीने के पानी के लिए सामान्यतः ऊपरी/भूमिगत जल भंडारण टैंकों की व्यवस्था नहीं की जाती है । तथापि, बहुमंजिले क्वार्टरों, अर्थात् दो मंजिलों से अधिक मंजिलों वाले क्वार्टरों में, ऊपरी/भूमिगत जल भंडारण टैंकों की व्यवस्था की जाती है;

(ग) जी, नहीं । पानी के टैंकों की नियमित अन्तराल पर सफाई की जा रही है ।

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) जी, नहीं । बाबा खड़ग सिंह मार्ग में ऊपरी पानी के टैंकों की सफाई हाल ही मई, 1993 में की गई है ।

(च) उपर्युक्त भाग (ङ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

Unauthorised Construction in Govenrment Coonies

3459. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that notices have been issued to the allottees in Government colonies in New Delhi for the removal of unauthorised construction along their houses;

(b) if so, what are the details thereof and the number of such notices issued so far;

(c) what are the reasons for issuing of such notices to the allottees; and

(d) what action Government propose to take for non-compliance of the notices by the allottees?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINSTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI P. K. THUNGON): (a) Yes Sir.

(b) Notices have been issued to 137 allottees in R. K. Puram, Kaka Nagar, Pandara Road, Nauroji Nagar areas to remove unuthorised construction within a stipulated time.

(c) Such construction is treated as breach of allotment rules.

(d) If the allottees fail to remove unauthorised construction within a stipulated time their allotments are liable to be cancelled and eviction proceedings initiated.

दिल्ली विकास प्राधिकरण के आवासीय नियमों का उल्लघंन

3460. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बतानें की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ लोगों को दिल्ली विकास प्राधिकरण के आवासीय नियमों का उल्लंघन करनें के आरोप में सजा दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में गत तीन वर्ष का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार नें आवासीय नियमों का समुचित पालन सुनिश्चित करने के लिए क्या व्यवस्था की है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री पी०के० थुंगन) : (क) और (ख) जी, हां। दिल्ली विकास प्राधिकरण नें सूचित किया है कि गत तीन वर्षों के दौरान दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 के और आवंटन पट्टाविलेख की शर्तों और निबन्धनों के अंतर्गत निम्नलिखित कार्रवाई की गई है :–

	1990–91	91–92	92–93
1 कारण बताओ नोटिस जारी किये गये	1157	1217	1806
2 अन्ततः कारण बताओं नोटिस जारी किये गये	111	473	678
3 मुकदमा की कार्रवाई	5	19	—
4 गिराने की कार्रवाई	—	—	24
5 पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई गई	—	—	1